# इरेडा ने कर पश्चात सर्वाधिक अर्धवार्षिक लाभ अर्जित किया

नई दिल्ली, 12 नवंबर, 2021

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), जो नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के तहत एक सार्वजनिक प्रतिष्ठान है, ने आज 30 सितंबर, 2021 को समाप्त होने वाली अर्द्धवार्षिक -पहली और तिमाही-दूसरी वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही के लिए प्रचालनों से कुल आय 684.80 करोड़ रुपये अर्जित किए है और कर पश्चात लाभ (पीएटी) 110.27 करोड़ रुपये है। कंपनी ने 299.90 करोड़ रुपये की अब तक की सबसे अधिक अर्ध-वार्षिक पीएटी दर्ज की है। ।

इरेडा के निदेशक मंडल ने कंपनी के कार्य-निष्पादन और विकास की सराहना करते हुए आज आयोजित एक बैठक में 30 सितंबर, 2021 को समाप्त पहली और दूसरी तिमाही वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया ।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान इसी अवधि की तुलना में **30 सितंबर 2021 को समाप्त हुए अर्धवार्षिक परिणामों** की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

• **कर पश्चात लाभ** 206.63 करोड़ रुपये की तुलना में 299.90 करोड़ रुपये । (सबसे अधिक)

• **संचालन से कुल आय** 1284.94 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 1386.97 करोड़ रुपये। (8% अधिक )

• **नेट एनपीए में कमी (%):** 5.79% की तुलना में 4.87% (16% की कमी)

• **नेटवर्थ :** 2742.98 करोड़ रुपये की तुलना में 3333.19 करोड़ रुपये (22% तक अधिक )

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान इसी अवधि की तुलना में **वित्तीय वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही** की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

• **ऋण संस्वीकृति:** 1172.32 करोड़ रुपये की तुलना में 5925.12 करोड़ रुपये। (405% तक अधिक)

• **ऋण संवितरण:** 2041.34 करोड़ रुपये की तुलना में 3584.90 करोड़ रुपये । (76% तक अधिक)

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास, ने इरेडा की समर्पित टीम की सराहना की और कहा कि यह भारत सरकार के सक्रिय समर्थन और मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं होता । उन्होंने माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर. के.सिंह और माननीय राज्य मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, रसायन और उर्वरक, श्री भगवंत खुबा को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया ।

श्री दास ने सचिव, एमएनआरई, निदेशक मंडल और एमएनआरई के वरिष्ठ अधिकारियों से कंपनी को प्राप्त निरंतर समर्थन के लिए भी अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने रेखांकित किया कि इरेडा टीम के सामूहिक और केंद्रित प्रयासों के फलस्वरुप इरेडा ने रिकॉर्ड उच्च-वार्षिक लाभ अर्जित किया है।